पत्रांक

प्रेषकः–

प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर ।

सेवा में,

डा0 (प्रो0) कमलेश तिवारी,
प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष,
औषधि विभाग,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल
मुजफ्फरपुर

मुज0 दिनांकः–

महाशय,

आपसे अनुरोध है कि अन्य वर्षो की भाँति इस वर्ष भी सरकारी निदेशानुसार इस चिकित्सा महाविद्यालय में गठित Anti Ragging Committee के अध्यक्ष के रूप में आपको नामित किया जाता है ।

विदित हो कि इससे पहले Anti Ragging Committee डा0 ब्रज मोहन, प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष, शिशु रोग विभाग की अध्यक्षता में कार्य करने का आदेश दिया गया था । वे दिनांक – 30.11.2014 के अप0 में 65 वर्ष की आयु पूर्ण कर वार्धक्य सेवा निवृत होने वाले हैं ।

अतः आशा है कि मैने आपसे जो प्रस्ताव रखा है, उसे सहर्ष स्वीकार करेंगे ।

सरकार से एक पत्र आया है, जिसकी छाया प्रति संलग्न कर आवश्यक कार्यार्थ हेतु आपको प्रेषित भी कर रहा हूँ ।

कृपया इस पर उचित कार्रवाई कर मुझे अविलम्ब सूचित करने का कष्ट करेंगे, ताकि सरकार को इसका जवाब ससमय दिया जा सके ।

सधन्यवाद,

विश्वासभाजन

ह0 /–
प्राचार्य

ज्ञापांकः–1823/14 दिनांकः– 20/11/14

प्रतिलिपिः–

1) डा0 (श्रीमती) नीलम कुमारी सिन्हा, सहायक प्राध्यापक, फिजियोलौजी विभाग – सह – अधीक्षिका, छात्रा छात्रावास, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुज0 को सूचनार्थ प्रेषित एवं आशा है कि आप अपने स्तर से भी जाँच की कार्रवाई पूरी कर अधोहस्ताक्षरी को सूचित करेंगे ।

2) डा॰ (प्रो॰) ब्रज मोहन, प्रा॰ एवं विभा॰, शिशु को सूचनार्थ प्रेषित।

प्राचार्य
20/11/14

प्राचार्य का कार्यालय,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

आदेश

डा0 (प्रो0) ब्रजमोहन, विभागाध्यक्ष, शिशु रोग विभाग, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर की अध्यक्षता में इस इस चिकित्सा महाविद्यालय में सरकारी आदेशानुसार एक एण्टी रैगिंग कर्मिटि का गठन किया है। जिसमें सभी विभागाध्यक्ष वार्डेन सदस्य है। वर्ष – 2014–2015 के लिए वे सभी सतर्क एवं सजग रहेंगे, कि पूर्व की भात्ती इस चिकित्सा महाविद्यालय में रैगिंग नहीं हो पाए।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांक 1371/14

दिनांक – 10.9.14

प्रतिलिपि – 1) सभी विभागाध्यक्ष, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2) वार्डेन/सह–वार्डेन, छात्र एवं छात्रावास, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुरं को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3) बरसर/लेखापाल, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
4) श्री रविराज कुमार, लिपिक/नोटिस बोंड कॉलेज, छात्र एवं छात्रावास, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
5) माननीय प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।
6) MCI, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

10.9.14
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।